रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

Test Date	08/10/2026
Test Time	4:30 PM - 6:00 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 एक आयताकार टंकी की लंबाई और चौड़ाई इस प्रकार है कि उनमें से प्रत्येक में 6 m की वृद्धि करने पर उनका अनुपात 7 : 5 हो जाता है। उनमें से प्रत्येक में 8 m की कमी करने पर उनका अनुपात 1 : 3 हो जाता है। टंकी की चौड़ाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3.00 मीटर B). 2.50 मीटर C). 2.75 मीटर D). 2.25 मीटर

Correct Answer: C

Q.2 एक टंकी में दो प्रवेश पाइप, A और B, तथा एक निकास पाइप, C लगे हुए हैं। पाइप A अकेले, टंकी को 12 घंटे में पूर्णतः भर सकता है, जबकि पाइप B अकेले, टंकी को 18 घंटे में पूर्णत: भर सकता है। इसके विपरीत, पाइप C पूर्णत: भरी हुई टंकी को 36 घंटे में खाली कर सकता है। प्रारंभ में, तीनों पाइप एकसाथ खोले जाते हैं और उन्हें एकसाथ प्रचालित होने दिया जाता है। 4 घंटे तक प्रचालन के पश्चात, निकास पाइप C को बंद कर दिया जाता है, जबकि प्रवेश पाइप A और B कार्य करना जारी रखते हैं। टंकी को पूर्णत: भरने में लगने वाला अतिरिक्त समय (घंटे में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4 B). 6 C). 5 D). 3

Correct Answer: A

Q.3 दो ट्रेनें, एक साथ दो स्टेशनों से चलना शुरू होती हैं तथा 72 km/hr और 90 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर यात्रा करती हैं। जब वे मिलती हैं, तो एक ट्रेन, दूसरी की तुलना में 72 km अधिक यात्रा कर चुकी होती है। दोनों स्टेशनों के बीच की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 696 B). 712 C). 648 D). 674

Correct Answer: C

Q.4 आज से दो वर्ष पूर्व, हितेश की आयु जीतेश की आयु की 6 गुना थी। आज से 2 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय जीतेश की आयु की 2 गुना होगी। हितेश की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 6 B). 7 C). 8 D). 5

Correct Answer: C

Q.5 संख्या 5, 2x, 14, 18, 21 की माध्यिका 14 है। यदि x एक धनात्मक पूर्णांक है, तो x के संभावित मानों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7 B). 5 C). 3 D). 4

Correct Answer: A

Q.6 एक दुकानदार किसी बैग की मूल्य उसके क्रय मूल्य से (3y + 8)% अधिक अंकित करता है। वह अंकित मूल्य पर 25% की छूट प्रदान करता है और 2% का लाभ प्राप्त करता है। y का मान कितना होगा? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित करें)

Ans A). 7 B). 8 C). 9 D). 10

Correct Answer: C

Q.7 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 3 वर्ष के लिए निवेश करता है। 3 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 13800 B). 71300 C). 72300 D). 14800

Correct Answer: B

Q.8 निम्नलिखित में से कौन-सा, वृत्त के गुणों के संबंध में सही नहीं है?

Ans A). वृत्त की परिधि और व्यास का अनुपात स्थिर होता है
B). 7 यूनिट त्रिज्या वाले वृत्त की सबसे बड़ी जीवा की लंबाई 14 यूनिट होती है
C). जब जीवा को केंद्र के समीप खींचा जाता है, तो जीवा की लंबाई कम हो जाती है
D). सबसे बड़ी जीवा वृत्त को दो बराबर भागों में विभाजित करती है

Correct Answer: C

Q.9 किसी निश्चित मूलधन और वार्षिक ब्याज दर के लिए, 2 वर्षों के पश्चात चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹720 है। यदि मूलधन और वार्षिक ब्याज दर दोनों को दोगुना कर दिया जाए, तो 2 वर्षों के पश्चात चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच नया अंतर कितना होगा?

Ans A). ₹2,880 B). ₹4,320 C). ₹5,760 D). ₹5,040

Correct Answer: C

Q.10 $\frac{2\sin^2 A - \sin^4 A + \cos^4 A}{3\sin^4 A - 2\sin^6 A + 3\cos^4 A - 2\cos^6 A}$ को सरल कीजिए।

Ans A). secA B). sinA C). −1 D). 1

Correct Answer: D

Q.11 ₹2500 की राशि पर 18% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से, 2 वर्ष में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है।

Ans A). ₹4116 B). ₹3481 C). ₹3365 D). ₹4198

Correct Answer: B

Q.12 मोहित, रमन को 8% के लाभ पर एक घड़ी बेचता है और रमन इसे करण को 5% की हानि पर बेचता है। यदि करण इसके लिए ₹1,710 का भुगतान करता है, तो मोहित ने इसे कितने मूल्य पर खरीदा था? (अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). ₹1,667 B). ₹1,637 C). ₹1,617 D). ₹1,697

Correct Answer: A

Q.13 यदि x : 12 = 5 : 6 हो, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14 B). 8 C). 12 D). 10

Correct Answer: D

Q.14 किसी बंटन में, बहुलक 18 है और माध्य 22 है। माध्यिका ज्ञात कीजिए।
(अपने उत्तर को दशमलव के 2 स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans A). 20.67 B). 21.33 C). 21.00 D). 20.33

Correct Answer: A

Q.15 $\left[2^{-1}\left\{\left(\frac{3}{4}\right)^2 + \left(\frac{4}{3}\right)^{-2}\right\}^{-1}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{2}{9}$ B). $\frac{1}{3}$ C). $\frac{4}{9}$ D). $\frac{14}{9}$

Correct Answer: C

Q.16 यदि गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल 616 cm^2 है, तो उसकी त्रिज्या ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). 4 cm B). 5 cm C). 7 cm D). 6 cm

Correct Answer: C

Q.17 एक कार अपनी यात्रा की $\frac{1}{3}$ दूरी को 30 km/h की चाल से तय करती है, अगली $\frac{1}{3}$ दूरी को 60 km/h की चाल से तय करती है और शेष $\frac{1}{3}$ दूरी को 90 km/h की चाल से तय करती है। औसत चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 536/11 B). 540/11 C). 548/11 D). 545/11

Correct Answer: B

Q.18 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।
$\frac{\sin\theta}{\sec\theta + \tan\theta - 1} + \frac{\cos\theta}{\operatorname{cosec}\theta + \cot\theta - 1}$

Ans A). 0 B). 2 C). -1 D). 1

Correct Answer: D

Q.19 त्रिभुज PQR में, बिंदु S और T क्रमशः PQ और PR पर इस प्रकार स्थित हैं कि ST ∥ QR है। यदि PS : SQ = 4 : 7 है और PT = 12 cm है, तो PR की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 33 cm B). 30 cm C). 24 cm D). 27 cm

Correct Answer: A

Q.20 एक त्रिभुज की भुजाओं का अनुपात 13 : 14 : 15 है और इसका परिमाप 42 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 120 cm^2 B). 42 cm^2 C). 168 cm^2 D). 84 cm^2

Correct Answer: D

Q.21 7 अंकों की संख्या 236A3B9, 3 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम संभव मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 7 B). 1 C). 10 D). 4

Correct Answer: B

Q.22 एक दुकानदार ₹20 प्रति नोटबुक की दर से 15 नोटबुक खरीदता है और उन सभी को कुल ₹360 में बेचता है। उसका लाभ या हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15% की हानि B). 25% का लाभ C). 20% का लाभ D). 20% की हानि

Correct Answer: C

Q.23 यदि k का 20%, 25 के 1200% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1410 B). 1490 C). 1430 D). 1450

Correct Answer: D

Q.24 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 136 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 138 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को है और पूरे महीने के लिए प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 199 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 521 B). 525 C). 520 D). 528

Correct Answer: B

Q.25 दो पाइप, पाइप A और पाइप B, एक टैंक को क्रमशः 8 घंटे और 12 घंटे में भर सकते हैं। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक कितने घंटे में भर जाएगा?

Ans A). 10.6 घंटे B). 4.8 घंटे C). 5.5 घंटे D). 6.4 घंटे

Correct Answer: B

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 8 का संबंध 63 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 10 का संबंध 99 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 12 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 146 B). 145 C). 143 D). 144

Correct Answer: C

Q.27 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) E S Y C X Z O W Y O N F H G U K M H G U K T V A Q E F I H G K (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). एक भी नहीं

Correct Answer: A

Q.28 एक निश्चित कूट भाषा में, 'chest wife sip' को 'wv ua nv' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, और 'sip unit ghost' को 'ef wv ie' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'sip' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). ef B). nv C). wv D). ua

Correct Answer: C

Q.29 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूटों और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का अनुसरण सीधे उसी प्रकार किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक 4 @ 1 # 8 % 3 & 6 $ 2 + 9 5

कूट J M H T A P K F B R D U L Q

शर्तें –
(i) यदि पहला और अंतिम अवयव संख्याएं हैं तथा पहला अवयव, अंतिम अवयव से छोटा है, तो पहले अवयव को अंतिम अवयव के कूट से कूटबद्ध करें।
(ii) यदि दूसरा और चौथा अवयव प्रतीक हैं, तो दूसरे और चौथे अवयव के कूटों को आपस में बदल दें।
(iii) यदि तीसरा अवयव एक विषम संख्या है, तो तीसरे अवयव को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्याओं के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
28369

Ans A). LAKBL B). LAKBD C). LA©BL D). DAKBL

Correct Answer: C

Q.30 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

9 14 21 30 41 ?

Ans A). 52 B). 49 C). 54 D). 50

Correct Answer: C

Q.31 यदि '+' और '×' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा '-' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
$7 \times 32 - 4 + 5 \div 12 = ?$

Ans A). 35 B). 87 C). 17 D). 63

Correct Answer: A

Q.32 दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

DGJL GJMO ? MPSU PSVX

Ans A). JMPR B). JMSP C). JMRP D). JMPS

Correct Answer: A

Q.33 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं)
I T A H K I J B A S I K P A H C L E F I R
A H (दाएं)

शृंखला में दाएं छोर से सातवें अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). दस B). ग्यारह C). नौ D). बारह

Correct Answer: A

Q.34 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
पाँच परियोजनाएं– ओरियन, निंबस, वर्टेक्स, पल्स और जेनिथ – एक ही सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार के बीच अलग-अलग दिन पूरी की गई हैं। पल्स किस दिन पूरी हुई थी?

कथन:
(I) पल्स, जेनिथ से ठीक एक दिन पहले पूरी हुई थी।
(II) जेनिथ शुक्रवार को पूरी हुई थी।

Ans A). कथन I और II दोनों मिलकर (और न अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

C). कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

D). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Correct Answer: A

Q.35 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TERM' को '3812' के रूप में और 'RATE' को '1438' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'A' का कूट क्या होगा?

Ans A). 2 B). 3 C). 1 D). 4

Correct Answer: D

Q.36 निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). OMI B). GEA C). SPM D). MKG

Correct Answer: C

Q.37 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
$105 - 90 \times 6 \div 3 + 110 = ?$

Ans A). 42 B). 45 C). 44 D). 40

Correct Answer: D

Q.38 सात व्यक्ति L, M, N, O, X, Y तथा Z उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। N, Y के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। O, N के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। X, Z के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। X और L के बीच तीन से अधिक व्यक्ति बैठे हैं। O और N के ठीक बीच में कौन बैठा है?

Ans A). Z B). X C). M D). L

Correct Answer: C

Q.39 मिस्टर जेड, बिंदु Y से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 3 km ड्राइव करता है। वह फिर बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। अंत में वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करके बिंदु Z पर रुक जाता है। पुनः बिंदु Y पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 2 km, उत्तर की ओर B). 5 km, पूर्व की ओर C). 7 km, दक्षिण की ओर D). 9 km, पूर्व की ओर

Correct Answer: D

Q.40 Z, N की माता है। N, T की बहन है। O, U का पिता है। U, T का पति है। Z का O से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्र की पत्नी की माता B). माता C). बहन D). पत्नी की बहन

Correct Answer: A

Q.41 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर GDSV एक निश्चित तरीके से LBXT से संबंधित है। उसी तरह, QZCR का संबंध VXHP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से AVMN किससे संबंधित है?

Ans A). GUSK B). ESQM C). FTRL D). GSQL

Correct Answer: C

Q.42 यदि SKYLINE शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार व्यवस्थित कर दिया जाता है, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans A). तीन B). एक C). एक भी नहीं D). दो

Correct Answer: B

Q.43 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
SUX–TVY
GIL–HJM

Ans A). TVY–TWY B). TUW–UWZ C). TUW–TVY D). TVY–UWZ

Correct Answer: D

Q.44 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D और C के तलों के क्रमांकों का गुणनफल 10 है। A, E के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। B और D के तलों के क्रमांकों का योगफल 11 है।
A और C के तलों के क्रमांकों का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 B). 6 C). 2 D). 4

Correct Answer: A

Q.45 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). MOL B). FIE C). OQN D). ACZ

Correct Answer: B

Q.46 एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिए गए डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर तय करें।

प्रश्न:
A, B, C, D और E एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B के ठीक दाएं पड़ोस में कौन बैठा है?

कथन:
(I) B, A के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। C, E के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) D, A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। C, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।

Ans A). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
B). कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है। C). कथन I और II में दी गई जानकारी एकसाथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
D). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: B

Q.47 शब्द COMPUTE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और इसके प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर बाएं से चौथा होगा?

Ans A). P B). O C). H D). J

Correct Answer: B

Q.48 सात बक्से, A, B, C, D, G, H और I, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में रखे गए हों। D को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। D और C के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। I को D के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। C और B के बीच केवल H को रखा गया है। A को C के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है।
G और C के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). चार

Correct Answer: A

Q.49 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
28, 32, 40, 52, 68 ?

Ans A). 87 B). 88 C). 86 D). 89

Correct Answer: B

Q.50 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
231 ÷ 3 - 721 x 7 + 24 = ?

Ans A). 771 B). 772 C). 773 D). 774

Correct Answer: B

Section : **General Science**

Q.51 वैज्ञानिक निम्नलिखित में से किस कारणवश सजीवों का वर्गीकरण करते हैं?

Ans A). सभी प्रजातियों का समान होना सुनिश्चित करने के लिए B). सभी जीवों को आनुवंशिक रूप से एकसमान बनाने के लिए C). जीवों के प्राकृतिक आवास को बदलने के लिए D). जीवों को समानताओं और विभिन्नताओं के आधार पर व्यवस्थित करने के लिए

Correct Answer: D

Q.52 किसी बच्चे का निकट बिंदु 50 cm है, परंतु एक मानव नेत्र के लिए सामान्य निकट बिंदु 25 cm होता है। बच्चे के निकट बिंदु को ठीक करने के लिए आवश्यक लेंस क्षमता कितनी होगी?

Ans A). -2.0 D B). +2.0 D C). -1.0 D D). +1.0 D

Correct Answer: B

Q.53 किसी परमाणु में प्रोटॉनों की संख्या में रासायनिक अभिक्रियाओं के दौरान कभी भी परिवर्तन क्यों नहीं होता है?

Ans A). क्योंकि प्रोटॉन, इलेक्ट्रॉन अभ्र में रहते हैं B). क्योंकि प्रोटॉन, सरलता से अन्य परमाणुओं में चले जाते हैं C). क्योंकि प्रोटॉन, इलेक्ट्रॉन के साथ संयोजित होकर न्यूट्रॉन बनाते हैं D). क्योंकि प्रोटॉन, नाभिक में दृढ़ता से बद्ध होते हैं

Correct Answer: D

Q.54 तंत्रिका तंत्र की एकक कोशिका (unit cell) को क्या कहा जाता है?

Ans A). डेन्ड्राइट B). न्यूरॉन C). ऐक्सॉन D). पेशी तंतु

Correct Answer: B

Q.55 एक वैज्ञानिक जंतु कोशिकाओं में चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका की असामान्य कार्यप्रणाली का अध्ययन कर रहा है। इस परिवर्तन से किस कोशिकीय प्रक्रिया के प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans A). ऊर्जा उत्पादन और ATP संश्लेषण B). लिपिड संश्लेषण और औषधियों का निराविषीकरण C). प्रोटीन संश्लेषण और रुपांतरण D). कोशिका विभाजन और गुणसूत्र पृथक्करण

Correct Answer: B

Q.56 निम्नलिखित में से कौन-सा, सतही महासागरीय धाराओं को उत्पन्न करने में प्रत्यक्ष भूमिका नहीं निभाता है?

Ans A). महासागर के ऊपर वर्षा की मात्रा B). महासागरीय सतह का तापमान C). पृथ्वी का घूर्णन D). महासागर के आर-पार बहने वाली पवनें

Correct Answer: A

Q.57 परमाणु की द्रव्यमान संख्या की गणना में इलेक्ट्रॉनों को शामिल क्यों नहीं किया जाता है?

Ans A). इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन से भारी होते हैं B). इलेक्ट्रॉनों की संख्या प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों से अधिक होती है C). प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों की तुलना में इलेक्ट्रॉनों का द्रव्यमान नगण्य होता है D). इलेक्ट्रॉन केवल परमाणु के आवेश को निर्धारित करते हैं

Correct Answer: C

Q.58 फॉस्फोरस के एक परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 2, 8, 5 है। इसकी संयोजकता कितनी है और यह किस प्रकार स्थायित्व प्राप्त करता है?

Ans A). फॉस्फोरस की संयोजकता 5 है, क्योंकि यह पांच इलेक्ट्रॉनों का त्याग करता है। B). फॉस्फोरस की संयोजकता 5 है, जो संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर है। C). फॉस्फोरस की संयोजकता 3 है, क्योंकि यह स्थायित्व प्राप्त करने के लिए तीन इलेक्ट्रॉनों का त्याग करता है। D). फॉस्फोरस की संयोजकता 3 है, क्योंकि यह स्थायी विन्यास प्राप्त करने के लिए तीन इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है।

Correct Answer: D

Q.59 कोई व्यक्ति एक भारी बैग को समतल फर्श पर एकसमान चाल से क्षैतिज रूप से ले जाता है। गति की दिशा में व्यक्ति द्वारा बैग पर प्रयुक्त बल द्वारा किया गया कार्य कितना है?

Ans A). किया गया कार्य ऋणात्मक है क्योंकि बैग भारी है B). किया गया कार्य ऋणात्मक है क्योंकि बल, गति का विरोध करता है C). किया गया कार्य धनात्मक है क्योंकि व्यक्ति, बैग को आगे ले जाता है D). किया गया कार्य शून्य है क्योंकि बल, विस्थापन के लंबवत है

Correct Answer: D

Q.60 पादपों के निम्नलिखित में से किस समूह में, नम दीवारों पर उगने वाला हरे-कालीन जैसा पादप शामिल होता है, जिसमें वास्तविक मूल और संवहनी ऊतकों का अभाव होता है?

Ans A). ब्रायोफाइटा B). लाइकेन C). टेरिडोफाइटा D). थैलोफ़ाइटा

Correct Answer: A

Q.61 एक विद्यार्थी अपघटन अभिक्रिया का प्रेक्षण कर रहा है जिसमें हल्के पीले रंग का चूर्ण गर्म करने पर लाल-भूरे रंग के ठोस और रंगहीन गैस में परिवर्तित हो जाता है। इसमें किस यौगिक का उपयोग किया गया था?

Ans A). सिल्वर ब्रोमाइड B). लेड नाइट्रेट C). पोटैशियम परमैंगनेट D). ज़िंक कार्बोनेट

Correct Answer: B

Q.62 प्रकाश की एक किरण, वायु से कांच के प्रिज्म में प्रवेश करती है। प्रिज्म में प्रवेश करते ही प्रकाश की चाल में कौन-सा परिवर्तन होगा?

Ans A). कांच में प्रकाश की चाल अनंत हो जाएगी B). प्रिज्म के भीतर प्रकाश की चाल घट जाएगी C). प्रिज्म के भीतर प्रकाश की चाल बढ़ जाएगी D). प्रकाश की चाल अपरिवर्तित रहेगी

Correct Answer: B

Q.63 कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण ईंधन क्यों माना जाता है?

Ans A). इसका उपयोग मुख्यतः उद्योग में प्लास्टिक बनाने के लिए किया जाता है B). इसका उपयोग मुख्य रूप से खाद्य परिरक्षक के रूप में किया जाता है C). यह स्वच्छ तरीके से जलता है और कई पारंपरिक ईंधनों की तुलना में कम धुआं उत्पन्न करता है D). यह दुनिया भर में वाहनों में उपयोग किया जाने वाला एकमात्र द्रव ईंधन है

Correct Answer: C

Q.64 एक अवतल लेंस की फोकस दूरी 30 cm है। वस्तु को लेंस से कितनी दूरी पर रखा जाना चाहिए ताकि उसका प्रतिबिंब, लेंस से 20 cm की दूरी पर बने?

Ans A). लेंस के पीछे 80 cm B). लेंस के सामने 40 cm C). लेंस के पीछे 20 cm D). लेंस के सामने 60 cm

Correct Answer: D

Q.65 कौन-सा विभज्योतक, कुछ पादपों के आधार पर स्थित होता है और कटाई के बाद उनके पुनरुद्भवन में सहायता करता है?

Ans A). शीर्षस्थ विभज्योतक (Apical Meristem) B). परिधि विभज्योतक (Girth Meristem) C). पार्श्विक विभज्योतक (Lateral Meristem)
D). अंतर्वेशी विभज्योतक (Intercalary Meristem)

Correct Answer: D

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा सूचक, अम्लीय विलयन में लाल तथा क्षारीय विलयन में नीला हो जाता है?

Ans A). लिटमस B). फीनॉलफ्थेलिन C). हल्दी D). मेथिल ऑरेंज

Correct Answer: A

Q.67 निम्नलिखित में से किस स्थिति में एक अपरिवर्ती बल द्वारा किया गया कार्य शून्य होता है?

Ans A). जब बल, गति की दिशा से एक न्यून कोण पर कार्यरत हो B). जब बल, गति की दिशा के लंबवत कार्यरत हो C). जब बल, गति की दिशा के समांतर कार्यरत हो
D). जब बल, विस्थापन की दिशा के विपरीत कार्यरत हो

Correct Answer: B

Q.68 कोई विद्यार्थी 15 cm फोकस दूरी के उत्तल लेंस के सामने 30 cm दूरी पर एक वस्तु रखता है। लेंस सूत्र के आधार पर, प्रतिबिंब कहाँ बनेगा?

Ans A). लेंस के दूसरी तरफ 45 cm की दूरी पर B). लेंस के दूसरी तरफ 60 cm की दूरी पर C). लेंस के दूसरी तरफ 15 cm की दूरी पर D). लेंस के दूसरी तरफ 30 cm की दूरी पर

Correct Answer: D

Q.69 सक्रियता श्रेणी में धातुओं को उनकी अभिक्रियाशीलता के घटते क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। वह धातु कौन-सी है, जो सक्रियता श्रेणी के शीर्ष पर स्थित होती है?

Ans A). पोटैशियम B). ऐल्यूमीनियम C). सोडियम D). मैग्नीशियम

Correct Answer: A

Q.70 निम्नलिखित में से कौन-सा वास्तविक जीवन का परिदृश्य सर्वोत्तम रूप से यह दर्शाता है कि एक पारिस्थितिकी तंत्र में मानवीय गतिविधियां किस प्रकार जैव-विविधता को कम कर सकती हैं?

Ans A). घास के मैदान में प्राकृतिक अनुक्रमण B). जंतुओं का नए क्षेत्र में गमन C). निर्वनीकरण के कारण प्रजातियों का ह्रास D). पक्षियों का मौसमी प्रवास

Correct Answer: C

Q.71 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, निलंबन का सही वर्णन करता है?

Ans A). निलंबन स्थायी होते हैं और उन्हें विलोडन की आवश्यकता नहीं होती है। B). निलंबन सदैव वास्तविक विलयन की तरह पारदर्शी होते हैं।
C). निलंबन में कण समय के साथ नीचे बैठ जाते हैं और उन्हें निस्यंदन द्वारा पृथक किया जा सकता है। D). निलंबन में कण, प्रकाश को प्रकीर्ण करते हैं लेकिन वे नीचे नहीं बैठते है।

Correct Answer: C

Q.72 r त्रिज्या की एक वृत्ताकार कुंडली में I धारा प्रवाहित होती है। यदि कुंडली के फेरों की संख्या दोगुनी कर दी जाए (त्रिज्या और धारा को अपरिवर्तित रखते हुए), तो उसके केंद्र पर चुंबकीय क्षेत्र _____।

Ans A). अपरावर्तित रहेगा B). घटकर आधा हो जाएगा C). दोगुना हो जाएगा D). चार गुना हो जाएगा

Correct Answer: C

Q.73 यदि आप किसी खेल के मैदान में अपने उस मित्र को पुकारते हैं जो आपसे समान दूरी पर है और इस्पात की पटरी के दूसरे छोर को स्पर्श भी कर रहा है, तो आपका मित्र आपकी ध्वनि किस माध्यम से पहले सुनेगा, और क्यों?

Ans A). इस्पात की पटरी के माध्यम से, क्योंकि ध्वनि वायु की अपेक्षा ठोस माध्यमों में बहुत तीव्र गमन करती है।
B). इस्पात की पटरी के माध्यम से, क्योंकि वायु की तुलना में ठोस पदार्थ प्रत्येक ध्वनि को अधिक प्रबल कर देते हैं।
C). खेल के मैदान में क्योंकि ध्वनि इस्पात के माध्यम से दक्षतापूर्वक गमन नहीं करती।
D). खेल के मैदान में, क्योंकि ध्वनि ठोस पदार्थों की तुलना में वायु में अधिक सुगमता से गमन करती है।

Correct Answer: A

Q.74 समांगी मिश्रण में, किसी शुद्ध ठोस को उसके विलयन से पृथक करने के लिए सामान्यतः किस विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans A). आसवन B). निस्तारण C). क्रिस्टलीकरण D). निस्यंदन

Correct Answer: C

Q.75 दीर्घस्थायी गर्म वायुमंडल, जल चक्र के भीतर वर्षण पैटर्न को किस प्रकार परिवर्तित कर सकता है?

Ans A). यह सभी क्षेत्रों में सदैव हल्की वर्षा बढ़ाएगा B). यह सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त हिमपात का कारण बनेगा C). इसके परिणामस्वरूप विश्व भर में कम वर्षा होगी
D). यह अधिक तीव्र और अनियमित वर्षा का कारण बन सकता है

Correct Answer: D

Q.76 परमाणु में इलेक्ट्रॉन का आवेश और स्थान क्या है?

Ans A). धनात्मक, नाभिक के अंदर B). ऋणात्मक, नाभिक के अंदर C). ऋणात्मक, नाभिक के बाहर D). उदासीन, नाभिक के अंदर

Correct Answer: C

Q.77 जब श्वेत प्रकाश किसी प्रिज्म के माध्यम से गुजरता है, तो वह एक स्पेक्ट्रम उत्पन्न करता है। यदि लाल प्रकाश का अपवर्तनांक 1.50 है, और बैंगनी प्रकाश का अपवर्तनांक 1.54 है, तो यह प्रिज्म में विभिन्न रंगों के व्यवहार के संबंध में क्या बताता है?

Ans A). बैंगनी प्रकाश, लाल प्रकाश की तुलना में अधिक मुड़ता है B). दोनों रंग समान रूप से मुड़ते हैं C). दोनों रंग बिना मुड़े गमन करते हैं D). लाल प्रकाश, बैंगनी प्रकाश की तुलना में अधिक मुड़ता है

Correct Answer: A

Q.78 यदि वस्तु को उत्तल लेंस के फोकस पर रखा जाए, तो प्रतिबिंब _____ होगा।

Ans A). अनंत पर, वास्तविक और अत्यधिक बड़ा B). F और 2F के बीच, वास्तविक और उल्टा C). 2F पर, वास्तविक और समान आकार का D). अनंत पर, आभासी और छोटा

Correct Answer: A

Q.79 सजीवों के वर्गीकरण की वैज्ञानिक पद्धति अपनाने का कारण निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans A). जीवों की जीवन-अवधि को मापना B). फसल उत्पादन में सुधार करना C). जीवों के नामकरण और समूहन में संभ्रम से बचना D). जीवों में प्रजनन को बढ़ाना

Correct Answer: C

Q.80 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली समृद्ध जैव-विविधता का प्रमुख कारण है?

Ans A). वर्षा का समान वितरण B). सक्रिय वनस्पति और खेती C). तुंगता और जलवायु में विविधता D). देश भर में मृदा उर्वरता की एकरूपता

Correct Answer: C

Q.81 संतृप्त हाइड्रोकार्बन सामान्य परिस्थितियों में सामान्यतः अक्रियाशील क्यों होते हैं?

Ans A). उनमें दुर्बल पाई (π) आबंध होते हैं जो सरलता से विखंडित हो जाते हैं। B). उनमें प्रबल सिग्मा (σ) आबंध होते हैं जिनके विखंडन के लिए उच्च ऊर्जा की आवश्यकता होती है। C). वे सामान्य (कमरे के) तापमान पर ऑक्सीजन के साथ स्वतः अभिक्रिया करते हैं। D). वे अत्यधिक ध्रुवीय होते हैं और जल में विलयित होकर अभिक्रियाओं को अवरुद्ध करते हैं।

Correct Answer: B

Q.82 यदि किसी पिंड पर उसकी गति की दिशा में एक नियत बल कार्यशील है, तो कार्य-ऊर्जा प्रमेय उसकी गतिज ऊर्जा के बारे में क्या इंगित करता है?

Ans A). केवल स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तन होता है B). पिंड की गतिज ऊर्जा घटती है C). पिंड की गतिज ऊर्जा समान रहती है D). पिंड की गतिज ऊर्जा बढ़ती है

Correct Answer: D

Q.83 निम्नलिखित में से कौन-सा एक शाखित एल्केन नहीं है?

Ans A). आइसोब्यूटेन (Isobutane) B). नियोपेंटेन (Neopentane) C). आइसोपेंटेन (Isopentane) D). N-पेंटेन (N-pentane)

Correct Answer: D

Q.84 लंबी दूरी तक तंत्रिका आवेगों को वहन करने के लिए, एक न्यूरल प्रोस्थेटिक को न्यूरॉन के किस भाग का अनुकरण करना चाहिए?

Ans A). माइलिन आच्छद वाला दीर्घित ऐक्सॉन B). केंद्रक युक्त कोशिका काय C). न्यूरॉन के अंत में स्थित सिनेप्टिक टर्मिनल D). कोशिका काय के निकट स्थित शाखित डेंड्राइट

Correct Answer: A

Q.85 एक साइकिल चालक, अपनी यात्रा के पहले 6 किलोमीटर 20 मिनट में और अगले 9 किलोमीटर 30 मिनट में तय करता है। पूरी यात्रा के लिए किलोमीटर प्रति घंटा (km/h) में उसकी औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 20 km/h B). 15 km/h C). 18 km/h D). 12 km/h

Correct Answer: C

Q.86 एक प्रतिवर्ती चाप में, ग्राही सबसे पहले _____ का पता लगाता है।

Ans A). उद्दीपक B). प्रभावक C). अनुक्रिया D). हार्मोन

Correct Answer: A

Q.87 एक विद्यार्थी किसी गेंद की गति को दर्ज करता है जो बिंदु Q से बिंदु R तक जाती है, फिर बिंदु S पर वापस लौटती है, और यह सब एक ही सरल रेखा के अनुदिश होता है। यदि गेंद Q से R तक जाने में 70 मीटर की दूरी तय करती है, और फिर R से S तक जाने में 30 मीटर की दूरी तय करती है, तो कौन-सा, इस यात्रा के लिए कुल पथ-लम्बाई और विस्थापन के बीच के भौतिक अंतर को सर्वोत्तम रूप से निरूपित करता है?

Ans A). चूँकि गति एक सरल रेखा के अनुदिश है, इसलिए पथ-लम्बाई और विस्थापन बराबर होंगे।

B). पथ-लम्बाई केवल अंतिम स्थिति पर निर्भर करती है, जबकि विस्थापन संपूर्ण यात्रा पर निर्भर करता है।

C). विस्थापन सदैव पथ-लम्बाई से अधिक होता है क्योंकि यह सबसे छोटे मार्ग को मापता है।

D). पथ-लम्बाई तय की गई कुल दूरी होती है, जबकि विस्थापन Q से S तक नेट सरल रेखीय दूरी है।

Correct Answer: D

Q.88 टिंडल प्रभाव के कारण कोलॉइडी मिश्रण की उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए किस विधि का सर्वोत्तम रूप से उपयोग किया जा सकता है?

Ans A). मिश्रण को कई घंटों तक बिना हिलाए-डुलाए स्थिर रख दें B). विलायक को वाष्पित करने के लिए मिश्रण को तापित करना C). निस्यंदक पत्र का उपयोग करके मिश्रण का निस्यंदन करना D). मिश्रण के माध्यम से प्रकाश की किरणपुंज गुज़ारना और प्रकीर्णित प्रकाश का अवलोकन करना

Correct Answer: D

Q.89 किसी जीव के शरीर के लिए विश्राम की अवधि के दौरान जीवन प्रक्रियाओं को पूरा करना क्यों आवश्यक है?

Ans A). उत्तरजीविता के लिए शरीर के महत्वपूर्ण कार्यों को जारी रखना सुनिश्चित करने के लिए B). मस्तिष्क के कार्यों को रीसेट करने के लिए C). जनन में तेजी लाने के लिए D). शरीर को आकस्मिक संचलन हेतु तैयार करने के लिए

Correct Answer: A

Q.90 जब किसी निश्चित लंबाई के सीधे चालक को एकसमान चुंबकीय क्षेत्र में रखा जाता है, और उसमें प्रवाहित होने वाली धारा को दोगुना कर दिया जाता है, तो चालक पर लगने वाला बल भी दोगुना हो जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अंतर्निहित सिद्धांत, इस आनुपातिक संबंध को स्पष्ट करता है?

Ans A). बल, केवल चालक की लंबाई पर निर्भर करता है B). बल, धारा के व्युत्क्रमानुपाती होता है C). बल, धारा के अनुक्रमानुपाती होता है D). बल, क्षेत्र की दिशा द्वारा निर्धारित होता है

Correct Answer: C

Section : **General Awareness**

Q.91 सितंबर 2025 में, बच्चों के लिए नगरों को सुरक्षित एवं अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से निम्नलिखित में से किस राज्य में "CLAP फॉर चिल्ड्रन" (CLAP for Children) की शुरुआत की गई थी?

Ans A). तेलंगाना B). महाराष्ट्र C). आंध्र प्रदेश D). कर्नाटक

Correct Answer: A

Q.92 केंद्रीय बजट 2026–27 में, निम्नलिखित में से किस संस्थान को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी (National Institute of Hospitality) में अपग्रेड करने का प्रस्ताव रखा गया?

Ans A). राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं कैटरिंग टेक्नोलॉजी परिषद (National Council for Hotel Management and Catering Technology)

B). भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (Indian Institute of Tourism and Travel Management)

C). राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (National Skill Development Corporation)

D). भारतीय खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान (Indian Institute of Food Processing Technology)

Correct Answer: A

Q.93 जुलाई 2026 में, रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने किस सशस्त्र बल के लिए आकाश तरंग (AKASH TARANG) प्रणाली की खरीद को मंजूरी दी?

Ans A). भारतीय तटरक्षक (Indian Coast Guard) B). भारतीय वायु सेना (Indian Air Force) C). भारतीय थलसेना (Indian Army) D). भारतीय नौसेना (Indian Navy)

Correct Answer: C

Q.94 केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की किस पहल को 'केंद्रीय मंत्रालयों/राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा डिजिटल प्लेटफार्मों में डेटा एनालिटिक्स के उपयोग के माध्यम से डिजिटल परिवर्तन' की श्रेणी के अंतर्गत ई-गवर्नेंस के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार (NAeG) 2026 में स्वर्ण पुरस्कार प्रदान किया गया है?

Ans A). स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) B). ऑडिटऑनलाइन प्लेटफॉर्म (AuditOnline Platform) C). ई-ग्रामस्वराज पोर्टल (e-Gram Swaraj Portal)

D). पंचायत उन्नति सूचकांक (Panchayat Advancement Index)

Correct Answer: D

Q.95 निम्नलिखित में से किसने 8 जुलाई, 2026 को लंबी दूरी के निर्देशित रॉकेट पिनाका (Pinaka Long Range Guided Rocket) का सफल उड़ान-परीक्षण किया?

Ans A). भारतीय सेना B). रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन C). भारत डायनेमिक्स लिमिटेड D). हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड

Correct Answer: B

Q.96 फरवरी 2026 में आयोजित, भारत-किर्गिस्तान संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर (KHANJAR) का 13वां संस्करण किस राज्य में आयोजित किया गया?

Ans A). असम B). अरुणाचल प्रदेश C). सिक्किम D). उत्तराखंड

Correct Answer: A

Q.97 जुलाई 2026 में, किस संगठन ने क्षेत्रीय एआईएम संवाद-नॉर्थ ईस्ट चैप्टर (Regional AIM SUMVAAD–North East Chapter) 2026 का आयोजन किया था?

Ans A). नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (NSDC) B). इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (ISRO) C). अटल इनोवेशन मिशन (AIM), NITI आयोग

D). डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (DRDO)

Correct Answer: C

Q.98 तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज 2026 में पुरुषों की 400m बाधा दौड़ का खिताब किस एथलीट ने जीता?

Ans A). संतोष कुमार तमिलारासन (Santhosh Kumar Tamilarasan) B). विग्नेश बी (Vignesh B) C). अय्यासामी धरुन (Ayyasamy Dharun)

D). अमित कुमार (Amit Kumar)

Correct Answer: A

Q.99 केंद्रीय बजट 2026–27 के अनुसार, बायो-फार्मा शक्ति (SHAKTI) योजना को _____ के परिव्यय के साथ प्रस्तावित किया गया है।

Ans A). पांच वर्षों में ₹15,000 करोड़ B). पांच वर्षों में ₹8,000 करोड़ C). पांच वर्षों में ₹10,000 करोड़ D). पांच वर्षों में ₹12,000 करोड़

Correct Answer: C

Q.100 फरवरी 2026 में, डिजिटल इंडिया भाषिनी (BHASHINI) डिवीजन (DIBD) और भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) का मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans A). बैंकिंग सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय वित्तीय धोखाधड़ी का पता लगाने और रोकथाम ढांचा विकसित करना

B). राष्ट्रव्यापी खुदरा और थोक डिजिटल लेनदेन के लिए एक व्यापक सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (CBDC) प्लेटफॉर्म विकसित करना

C). बहुभाषी बैंकिंग पहुंच को बढ़ाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भाषा AI मॉडल को एकीकृत करना

D). बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच निर्बाध अंतरप्रचालनीयता और वास्तविक समय के लेनदेन को सक्षम करने के लिए एक एकीकृत डिजिटल भुगतान गेटवे बनाना

Correct Answer: C

"